AECC – 4.5

I Semester B.C.A./B.Sc. (FAD) Examination, February/March 2023
(NEP Scheme)
LANG. HINDI (Paper – I)
Nibandh, Karyalayi Hindi Aur Sankshepan

Time : 2½ Hours | Max. Marks : 60

I. निम्नलिखित प्रश्नों का **एक शब्द** या **वाक्य** में उत्तर लिखिए : **(10×1=10)**

1) जिन्दगी किससे भरी हुई है ?
2) किसके चप्पल की कील उखड़ी हुई थी ?
3) कौन-सी नगरी सर्वविदित है ?
4) आदिकाल से मनुष्य के लिए सबसे समीप कौन है ?
5) साहित्य में कितने रस कहे गये हैं?
6) लेखिका का छोटा-सा घर क्या बन रहा था ?
7) जीवन में पहली बार लेखिका किसके सामने मूक सी रह गई ?
8) बसंत कितने पत्तों के बीच में फंसा है ?
9) बहुत अन्तराल के बाद लेखक कहाँ गए थे ?
10) ओंकारेश्वर मंदिर कहाँ है ?

II. किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **(2×7=14)**

1) 'जीवन केवल जीना, खाना, सोना और मर जाना नहीं है । यह तो पशुओं का जीवन है ।'
2) 'आगे भी यह किसी के साथ न जावेगी, चाहे कोई कितनी ही मजबूती क्यों न करें ।'
3) 'अटारी के ढहने का धमाका जोरदार होता है, झोंपड़ी का गिरना कोई नहीं देख पाता ।'

SRI BHAGWAN MAHAVEER JAIN FIRST GRADE ... KGF - 563 122

III. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए : (1×16=16)

1) 'आनंद के क्षण' कहानी का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

अथवा

2) महादेवी वर्मा का संक्षिप्त जीवन परिचय लिखते हुए आलोपी का चरित्र चित्रण कीजिए ।

IV. किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए : (1×5=5)

1) जैन धर्म

2) जीवन में साहित्य का स्थान

V. किसी **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (2×4=8)

1) प्रतिवेदन की उपयोगिता के बारे में लिखिए ।

2) टिप्पण लिखते समय किन-किन बातों का ध्यान रखा जाता है ? स्पष्ट करें ।

3) आलेख तैयार करते समय आलेखक को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

VI. निम्नलिखित गद्यांश को उचित शीर्षक देते हुए **एक तिहाई** शब्दों मे संक्षेपण कीजिए । (1×7=7)

मनुष्य को अपने जीवन में कुछ-न-कुछ उद्देश्य रखना चाहिए । उद्देश्य के बिना जीवन अर्थहीन हो जाता है । किसान सीधा-साधा, सरल, पवित्र और मेहनती होता है । किसान को अपनी मेहनत करने के साथ-साथ देश की सेवा भी करनी है ।

प्रत्येक मनुष्य के जीवन में उद्देश्य होना चाहिए । यदि तुम्हारा कोई उद्देश्य नहीं है, तो तुम सफल न होंगे । क्या करोगे इसको तुम्हें जानना आवश्यक है । उद्देश्यहीन मनुष्य बिना पतवार की नाव की तरह है । विभिन्न मनुष्य के विभिन्न उद्देश्य होते हैं । बहुत लोग धन कमाना चाहते हैं और धन कमाना ही उनका उद्देश्य बन जाता है । बहुत लोग केवल आनन्द चाहते हैं । कुछ लोग विद्या के लिए परेशान है । कुछ लोग बढ़ाई चाहते हैं । तुम्हारा उद्देश्य देश की सेवा करना होना चाहिए । तुम्हारा देश दरिद्र है । वहाँ के किसान सच्चे सरल और पवित्र हैं । वे भूमि को उपजाऊँ बनाकर अपनी मेहनत की अच्छी मजदूरी नहीं निकाल पाते हैं । तुम उन्हें योग्य और सफल किसान बनाने का उद्योग कर सकते हो ।